Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 117

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नूंह में 15 साइबर ठग गिरफ्तार

**पंचकूला (आरएनएस)।** हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी करने वाले साइबर ठगों के एक गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप के अनुसार इनके पास से मोबाइल फोन, फर्जी सिम, नकली सोने के सिक्के और नकली सोने की ईंट बरामद की गई है। इस सामग्री का इस्तेमाल ठगी में किया जाता था। पुलिस के अनुसार यह ठग होटल बुकिंग, सेक्सटोरशन, सोने के सिक्के, ईंटें बेचने से लेकर अनलाइन टैक्सी सेवा का विज्ञापन देकर व अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लोगों से फर्जी खातों में पैसे डलवाते थे, और ठगी करते थे।

### 7 साल पुराने मामले में राम गोपाल वर्मा को 3 महीने के कारावास की सजा

**मुंबई (आरएनएस)।** फिल्म(नई दिल्ली) निर्माता और निर्देशक राम गोपाल वर्मा को सात साल पुराने एक मामले में दोषी ठहराया गया है और 3 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। मुंबई की अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर राम गोपाल वर्मा को 3 महीने के कारावास की सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान हाजिर न होने की वजह से चेक बाउंस केस में कोर्ट ने रामगोपाल वर्मा के खिलाफ नॉन वारेंट इश्यू किया है। कोर्ट का ये फैसला उनके नए प्रोजेक्ट सिंडिकेट की घोषणा के पहले आया है। राम गोपाल वर्मा मंगलवार को लगभग सात साल पुराने केस में सुनवाई के दौरान कोर्ट में हाजिर नहीं थे। कोर्ट ने सेक्शन 138 के तहत राम गोपाल वर्मा को आरोपी माना और इस मामले में शिकायतकर्ता को राम गोपाल की तरफ से 3.72 लाख मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है।

### स्टेट बैंक शाखा से 33 करोड़ की धोखाधड़ी, सीबीआई ने दर्ज किया केस

**शिमला (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हैदराबाद की एक निजी कंपनी के दो निदेशकों समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बैंक के साथ 33 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का केस दर्ज दर्ज किया है। भारतीय स्टेट बैंक की बद्दी शाखा के सहायक महाप्रबंधक की शिकायत पर सीबीआई ने एंटी करप्शन ब्यूरो, शिमला में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आरोप है कि कंपनी के मुख्य प्रबंध निदेशक संधरपल्ले वेंकटैया, निदेशक गुड़लुरु मस्तान ने अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों के साथ मिलीभगत कर बैंक से धोखा किया। आरोप है कि पहले से गिरवी रखी संपत्तियों को बैंक की बिना सहमति से निपटाने और हटाने का प्रयास किया। बिक्री व पट्टे की राशि का अपने उद्देश्यों के लिए उपयोग किया और उसे उधार देने वाले बैंक (एसबीआई) के पास जमा नहीं किया। ऐसे में सरकारी खजाने को 33 करोड़ का नुकसान पहुंचाते हुए खुद को गलत तरीके से लाभ पहुंचाया। कंपनी के प्लांट और फैक्टरी औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में है और मुख्यालय हैदराबाद में है। सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो शिमला ने देवांग सेल्स कॉर्पोरेशन के दो साझेदारों के साथ ही अज्ञात लोक सेवकों और अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। आरोप है कि आपसी मिलीभगत कर आरोपियों ने पंजाब नेशनल बैंक परमाणू से नकद ऋण सुविधा प्राप्त कर बैंक के साथ 3.34 करोड़ की धोखाधड़ी की है। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय राजस्थान में है। इकाई सिरमौर के कालाअंब में है। यह केस बैंक के मुख्य प्रबंधक कपिल मट्टा की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

## जलगांव रेल दुर्घटना : चार नेपाली नागरिक सहित 13 लोगों की मौत, रेलवे ने मुआवजा राशि का किया ऐलान, हेल्पलाइन नंबर जारी

**नई दिल्ली । आरएनएस**



महाराष्ट्र के जलगांव रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढक़र 13 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में चार नेपाली नागरिक भी शामिल हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को इस हादसे की तुरंत जांच और दोषियों को कड़ी सजा की मांग की है। दरअसल, पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों के बीच आग लगने की अफवाह फैलने के बाद लोग ट्रेन से कूद गए, जिसके बाद वह सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में मृतकों और घायलों के परिवारों को राहत देने के लिए रेलवे और राज्य सरकार ने मुआवजा घोषित किया है।

रेल की ओर से हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिवारों को डेढ़ लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा, जबकि जिन यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं, उन्हें 50 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। जो यात्री मामूली रूप से घायल हुए हैं, उन्हें 5 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

रेलवे ने यात्रियों की मदद के लिए विभिन्न स्टेशनों पर संपर्क नंबर जारी किए हैं। भुसावल के लिए मोबाइल नंबर 8799982712 और रेलवे नंबर 55110, जलगांव के लिए मोबाइल नंबर 8799952519 और रेलवे नंबर 79220 है। मनमाड स्टेशन के लिए मोबाइल नंबर 7420058556 और रेलवे नंबर 72217, बुरहानपुर स्टेशन के लिए मोबाइल नंबर 8263916314 और रेलवे नंबर 66222 जारी किया गया है।

खंडवा के यात्रियों के लिए मोबाइल नंबर 8263916296 और रेलवे नंबर 67220, सीएसएमटी के लिए हेल्पलाइन नंबर 022-22694040 और रेलवे नंबर 55993 है। दादर के लिए मोबाइल नंबर 9136452387 और रेलवे नंबर 57390, कल्याण के लिए मोबाइल नंबर 8356848078 और रेलवे नंबर 63360, ठाणे के लिए मोबाइल नंबर 9321336747 और रेलवे नंबर 61290 और इगतपुरी के लिए मोबाइल नंबर 8657916263 और रेलवे नंबर 69131 हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, महाराष्ट्र के जलगांव में हुए रेल हादसे पर मैं शोक व्यक्त करता हूं। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन हर संभव मदद प्रदान कर रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस हादसे पर दुख व्यक्त किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, जलगांव में हुई रेल दुर्घटना में अनेक यात्रियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि घायल हुए सभी यात्री शीघ्र स्वस्थ हों।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जलगांव हादसे पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, महाराष्ट्र के जलगांव में हुआ रेल हादसा अत्यंत दु:खद है। इस संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात कर हादसे की जानकारी ली। स्थानीय प्रशासन घायलों को हरसंभव मदद पहुंचा रहा है। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जब पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली, तो यात्रियों ने डर के मारे ट्रेन से कूदने की कोशिश की। इस दौरान सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों को राज्य सरकार की ओर से पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया और घायलों के इलाज की व्यवस्था की जा रही है।

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा, जलगांव के पास एक अन्य ट्रेन की चपेट में आने से कुछ यात्रियों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत की खबर सुनकर बेहद दुख हुआ। मैं अपनी संवेदनाएं उन लोगों के प्रति व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपनी जान गंवाई। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

सेंट्रल रेलवे सीपीआरओ स्वप्निल नीला ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस और राहत टीम मौके पर भेजी गई। घायलों को अस्पताल भेजने की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा, भुसावल मंडल से एक दुर्घटना राहत ट्रेन भी घटनास्थल की ओर रवाना की गई है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि घटनास्थल पर पहुंचने के बाद सभी यात्रियों को मदद प्रदान की जाएगी और घायलों को बेहतर उपचार दिया जाएगा।

यह हादसा उस समय हुआ जब पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई जा रही थी और वह परांडा रेलवे स्टेशन के पास आ रही थी। ट्रेन के मोटरमैन ने जब ब्रेक लगाया तो पहियों से चिंगारियां निकलने लगीं, जिससे यात्रियों के बीच आग लगने की अफवाह फैल गई। इसी दौरान कई यात्री घबराकर ट्रेन से कूदने लगे और सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए।

## "गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे"- कॉमेडियन कपिल शर्मा समेत चार बड़े कलाकारों को मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई । आरएनएस**



कॉमेडियन कपिल शर्मा, बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और गायिका सुगंधा मिश्रा को धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ है। यह धमकी पाकिस्तान से भेजी गई है। इसके बाद संबंधित कलाकारों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मुंबई की अंबोली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

इस धमकी भरे ई-मेल में लिखा गया है कि हम आपकी निगरानी कर रहे हैं और यह जरूरी है कि हम आपको एक संवेदनशील मामले के बारे में सूचित करें। यह कोई प्रचार स्टंट या आपको परेशान करने का प्रयास नहीं है। हम आपसे इस संदेश को अत्यंत गंभीरता और गोपनीयता से लेने का आग्रह करते हैं। यदि आप इस पर ध्यान नहीं देते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जो आपके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन पर असर डाल सकते हैं।

ई-मेल में आगे लिखा गया है कि हम अगले 8 घंटों के भीतर आपसे त्वरित प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं, अन्यथा हम मान लेंगे कि आप इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। ई-मेल के अंत में विष्णु लिखा गया है।

शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि यह धमकी पाकिस्तान से भेजी गई है। कलाकारों को भेजे गए धमकी भरे ई-मेल के बाद उनके फैंस और परिवार के लोग भी चिंतित हैं।

## पूर्व सैनिक की हैवानियत

### पत्नी की हत्या कर शव के किए टुकड़े, फिर प्रेशर कुकर में उबाला

**हैदराबाद । आरएनएस**



तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के मीरपेट में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पूर्व सैनिक ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी गुरु मूर्ति ने हत्या के बाद अपनी पत्नी वेंकट माधवी के शव को टुकड़ों में काटा और फिर उन्हें प्रेशर कुकर में उबाल दिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गुरु मूर्ति ने 18 जनवरी को अपने माता-पिता के साथ मीरपेट पुलिस थाने में अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पिछले कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने गुरु मूर्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके दौरान उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद शव के टुकड़े किए और उन्हें प्रेशर कुकर में पकाया। इसके बाद उसने उन टुकड़ों को एक तालाब में फेंक दिया। पुलिस अब गुरु मूर्ति के बयान के आधार पर सबूत जुटाने में लगी है और शव के टुकड़ों की तलाश कर रही है।

गुरु मूर्ति सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद कंचनबाग में एक सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहा था। उसकी शादी 13 साल पहले वेंकट माधवी से हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। मीरपेट पुलिस ने बताया कि इस हत्या मामले की जांच अभी जारी है और जल्द ही पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

## शिक्षा अधिकारी के घर मिला कुबेर का खजाना, इतना कैश मिला कि मशीनें गिन रहीं पैसा

**पटना । आरएनएस**



बिहार के बेतिया जिले में जिला शिक्षा पदाधिकारी पर कुबेर का खजाना मिला है। विशेष निगरानी इकाई ने गुरुवार को पश्चिम चंपारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी के ठिकानों पर छापा मारा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण ने अपनी 20 वर्षो की सेवा में करोड़ों की अवैध कमाई की। विजिलेंस की टीम ने गुरुवार को छापेमारी की तो घर से बड़े पैमाने पर कैश बरामद हुआ। यह रकम इतनी बड़ी है कि बिस्तरों पर नोटों के बंडल दिख रहे हैं और इस कैश कि गिनती के लिए मशीनें लगाई गई हैं।

अधिकारी रजनीकांत प्रवीण के घर पर जिस समय विजिलेंस की टीम छापेमारी को पहुंची तो वह पूजा कर रहे थे। विजिलेंस की टीम ने बेतिया में रजनीकांत प्रवीण के आवास पर छापेमारी की है तो वहीं समस्तीपुर में सुसराल और दरभंगा में भी कार्रवाई की जा रही है। जानकारी मिली है कि इन्होंने पद का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपये कमाए। छापामारी की यह कार्रवाई बेतिया, समस्तीपुर और दरभंगा में चल रही है। विशेष निगरानी इकाई को छापामारी के दौरान भारी मात्र में नकद बरामद हुआ है। विशेष निगरानी इकाई को विश्वसनीय स्रोत से जानकारी प्राप्त हुई थी कि रजनी कांत प्रवीण, जो वर्तमान में जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेतिया (पश्चिम चंपारण) के पद पर पदस्थापित हैं, ने वर्ष 2005 से अब तक की अवधि के दौरान अवैध रूप से आपराधिक षडयंत्र को आगे बढ़ाने के लिए लगभग 1,87,23,625 रुपये की भारी चल एवं अचल संपत्ति अर्जित की है, जो उनकी आय के वैध स्रोत से अधिक है।

रजनी कांत प्रवीण बिहार राज्य शिक्षा विभाग के 45वें बैच के अधिकारी हैं। वे वर्ष 2005 में सेवा में आये और दरभंगा, समस्तीपुर एवं बिहार के अन्य जिलों में शिक्षा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। उनकी कुल सेवा अवधि लगभग 19-20 वर्ष है। रजनी कांत प्रवीण की पत्नी सुषुमा कुमारी एक संविदा शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी है और वर्तमान में ओपन माइंड बिरला स्कूल, दरभंगा की निदेशक, वास्तविक मालिक के रूप में कार्य कर रही हैं और रजनी कांत प्रवीण के अवैध रूप से अर्जित धन से इस संस्थान कर रही है।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर गृह मंत्रालय सख्त, डीजीपी और मुख्य सचिव को जारी किया ये निर्देश

**नई दिल्ली । आरएनएस**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और डीजीपी को लिखित निर्देश जारी करते हुए बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। इससे पहले शिवसेना के नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी। बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिए जाने के बाद राहुल शेवाले ने गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस (टीआईएसएस) के विशेष सर्वेक्षण के अनुसार, देश में बांग्लादेश और म्यांमार से हर साल अवैध तरीके से बड़ी तादाद में घुसपैठिए आते हैं। इस गंभीर विषय की ओर ध्यान देकर इन घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग मैंने गृह मंत्री अमित शाह से की थी। मेरे इस आवेदन को ध्यान में रखते हुए इस विषय में उचित सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश गृह मंत्रालय की ओर से दिए गए। मैं गृह मंत्रालय और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

वहीं, महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। इस संबंध में राज्य के सभी संभागीय आयुक्तों और जिला कलेक्टरों को पत्र भेजा गया है। यह एसआईटी महाराष्ट्र भाजपा उपाध्यक्ष किरीट सोमैया द्वारा दी गई शिकायत और साक्ष्य के आधार पर गठित की गई है।

वहीं, शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने देश में अवैध प्रवासियों के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराया। इस मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि लगातार तीन बार सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा अवैध प्रवासियों को रोकने में विफल रही है।

## उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में अब नहीं ले जा सकेंगे मोबाईल, मंदिर समिति ने लगाई रोक

**उज्जैन । आरएनएस**

मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में श्रद्धालुओं के मोबाइल ले जाने पर रोक लगा दी गई है। भस्म आरती में मौजूद रहने वाले पुजारियों के संदर्भ में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। पिछले काफी दिनों से उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में रील बनाने के मामले सामने आए हैं। इसके बाद से मोबाइल के ले जाने पर रोक लगाए जाने की मांग उठ रही थी।

मंदिर समिति के सुरक्षा अधिकारी जयंत सिंह राठौड़ ने बताया है कि महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में होने वाली भस्म आरती के दौरान मोबाइल पर पूर्णत: प्रतिबंध लगा दिया गया है। 23 जनवरी से यह नियम लागू होगा। उन्होने बताया है कि श्रद्धालुओं से मोबाइल मंदिर के प्रवेश द्वार पर ही जमा करवा लिए जाएगा और लौटते वक्त दिए गए टोकन नंबर में माध्यम से मोबाइल लौटा दिया जाएगा।

जब उनसे पूछा गया कि मंदिर के पुजारी और सुरक्षाकर्मियों के लिए क्या व्यवस्था रहेगी, इस पर उन्होने कहा कि हालांकि मंदिर के सुरक्षा कर्मियों और पुजारी, पुरोहितों के लिए ये निर्णय अभी लागू नहीं है।

ज्ञात हो कि बीते दिनों मंदिर परिसर व महाकाल लोक में युवतियों द्वारा बॉलीवुड गानों पर रील्स बनाई गई थी। उसके बाद वायरल रील्स से काफी विवाद हुआ था। उसी के चलते यह फैसला लिया जा रहा है।

मंदिर परिसर में मोबाइल पर रोक लगाए जाने के पूर्व में भी फैसले हो चुके है मगर वहां आने जाने वाले लोग मोबाइल प्रवेश की सूचना होने का बहाना करके ले जाते हैं। उसका दुरुपयोग कर रील्स बनाते है। मंदिर के पुजारियों द्वारा महाकाल के श्रृंगार की तस्वीर और वीडियो शेयर किए जाते है। पुजारी ऐसा इसलिए करते हैं, क्योंकि उनसे जुड़े हजारों लोगों तक महाकाल की आरती व श्रृंगार की जानकारी आसानी से पहुंच सके। इसके चलते अभी पुजारियों के मोबाइल के संदर्भ में कोई फैसला नहीं हुआ है।

## कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी में रतन टाटा को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली । आरएनएस**




गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर इस साल झारखंड की झांकी में जाने-माने उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी जाएगी जिनका 86 वर्ष की उम्र में 9 अक्टूबर 2024 को निधन हो गया था।

इस बार झारखंड की झांकी में मुख्य आकर्षण जमशेदपुर होगा, वह शहर जिसके विकास में रतन टाटा का काफी योगदान रहा था। यह देश के पहले स्टील सिटी के रूप में भी जाना जाता है।

स्वर्णरेखा और खरकई नदियों के संगम पर दक्षिण-पूर्वी झारखंड में स्थित जमशेदपुर देश की औद्योगिक शक्ति का प्रतीक है।

जमशेदजी टाटा के नाम पर, जिन्होंने 1907 में वहां एक स्टील प्लांट स्थापित किया था, जमशेदपुर झारखंड का सबसे बड़ा शहरी केंद्र और एक महत्वपूर्ण औद्योगिक तथा परिवहन केंद्र है।

इस साल की झांकी में झारखंड के विकास में रतन टाटा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया है। झांकी में टाटानगर के नाम से विख्यात जमशेदपुर की औद्योगिक इकाइयों का एक मनोरम दृश्य भी प्रस्तुत किया जाएगा।

औद्योगिक उपलब्धियों के साथ-साथ, इस झांकी में झारखंड के पारंपरिक नृत्य रूपों, हस्तशिल्प और कला को भी प्रदर्शित किया जाएगा। आदिवासी कलाकारों द्वारा बनाई गई सोहराई और खोबर पेंटिंग मुख्य आकर्षण होंगी।

झारखंड के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की उप निदेशक शालिनी वर्मा ने आईएएनएस को बताया, इस बार हमने रतन टाटा को सम्मानित करने का फैसला किया है। इसके साथ ही हमने महिला सशक्तिकरण को भी दर्शाया है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे वे काम करके रोजगार पैदा करती हैं।

उन्होंने कहा, हमने शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित किया है। औद्योगीकरण और शिक्षा, दोनों ही विकसित भारत और विकसित झारखंड को दर्शाते हैं।

झांकी के मध्य भाग में पारंपरिक हस्तशिल्प बनाने में लगी ग्रामीण महिलाओं को दिखाया जाएगा, जो विरासत और विकास के एकीकरण का प्रतीक है। यह तत्व दर्शाता है कि झारखंड की परंपराएं और संसाधन किस तरह से राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे रहे हैं, जो विरासत और विकास की थीम को दर्शाता है।

सरायकेला का यूनेस्को की विश्व धरोहरों में शामिल छऊ नृत्य को भी झांकी के मुख्य तत्व के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। पौराणिक विषयों पर आधारित यह पारंपरिक नृत्य राज्य की गतिशील सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करेगा।

इस साल कर्तव्य पथ पर 15 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियां होंगी। इसके अलावा केंद्र सरकार के विभिन्न विभाग भी इन झांकियों में अपनी उपलब्धियों को दिखाएंगे।

झारखंड की झांकी में पिछले कई मौकों पर तसर सिल्क और बाबा बैद्यनाथ मंदिर को दर्शाया जा चुका है।

यह झांकी पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा के परिवर्तनकारी विजन के प्रति एक उपयुक्त श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने झारखंड की पहचान और भविष्य को आकार देने में मदद की।